[This question paper contains 24 printed pages.]

Your Roll No..............

I

Sr. No. of Question Paper : 851

Unique Paper Code : 2412081102

Name of the Paper : Financial Accounting

Name of the Course : B.Com. (H)

Semester : I – DSC

Duration : 3 Hours Maximum Marks : 90

**Instructions for Candidates**

1. Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.
2. Attempt all questions.
3. All questions are compulsory and carry equal marks.
4. Parts of the questions are to be attempted together.
5. Marks of each question and its parts are given alongside.
6. Show all your working clearly.
7. Use of simple calculator allowed.
8. Answers may be written either in English or Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

**छात्रों के लिए निर्देश**

1. इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।
2. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
3. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं और समान अंक के हैं।
4. प्रश्नों के भागों को एक साथ कीजिए।
5. प्रत्येक प्रश्न और उसके भागों के अंक साथ में दिए गए हैं
6. अपने कार्य को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित कीजिए।
7. साधारण कैलकुलेटर उपयोग की अनुमति है।
8. इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेजी या हिंदी किसी एक भाषा में दीजिए, लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होन चाहिए।

P.T.

1. (a) State the meaning of contingent assets. Explain about the principles to be considered for the measurement of a provision according to AS 29. (6)

(b) Write short note on :

(i) Convention of full disclosure

(ii) Cost concept (6)

(c) State the accounting principle involved in the following statements.

(i) Drawings account is debited for cash withdrawn from bank by the proprietor for his personal expenses.

(ii) Unless there is evidence to the contrary it is assumed that business will not be liquidated in the near future.

(iii) Advance received from customer is not recorded as sales.

(iv) Life of a business is broken into several parts called accounting years or financial years.

(v) A pair of scissors acquired at ₹50 is included in profit and Loss A/c.

(vi) ₹1 lakh Capital contributed by the owner results in increase in cash by ₹1 lakh. (6)

**OR**

(a) What is meant by international financial reporting standards (IFRS). Why there is need for convergence of IFRS? (8)

(b) What are accounting policies as per AS 5? Explain the considerations in the selection of accounting policies. In what conditions change in accounting policy should be made? (6)

(c) Write a note on mercantile basis of accounting. (4)

2. (a) Shoba Traders depreciated its machinery at 10% per annum according to the diminishing balance method and had ₹4,86,000 balance in its machinery account on April 1, 2022. During the year ended 31st March 2023 the machinery purchased on April 1, 2020, for ₹60,000 was sold for ₹40,000 on 1st October 2022 and a new machinery costing ₹70,000 was purchased and installed on the same date with installation charges being ₹5,000.

The company changed its method of depreciation on 1-4-2022 from diminishing balances to straight-line method, rate of depreciation being 8% per annum.

Show machinery account for the year ended 31st March 2023. (8)

(b) Oil India is a leading distributor of petrol. A detailed inventory of petrol in hand is taken when the books are closed at the end of each month. At the end of the month, the following information is available :

| | |
|---|---|
| Sales | ₹9,45,000 |
| General overheads cost | ₹ 25,000 |
| Inventory in the beginning | 1,00,000 litres @ ₹3 per litre |
| Purchases | |
| June 1 | 2,00,000 litres @ ₹2.85 per litre |
| June 30 | 1,00,000 litres @ ₹3.03 per litre |
| Closing inventory | 1,30,000 litres |

Using periodic system compute the following by FIFO as per AS-2 :

(i) Value of inventory on June 30.

(ii) Amount of cost of goods sold for June

(iii) Profit/ Loss for the month of June. (6)

(c) Write down any four revenues sources where AS 9 is not applicable. (4)

**OR**

(a) Given below is the information of Tushar Ltd.

(i) Radhika publications publish a monthly magazine on 15th of every month. It sells advertising space in the magazine. The sale of space for the march 2024 issue was made in February 2024. The magazine was published on its scheduled date. It received ₹1,50,000 on 5-3-2024 and ₹50,000 on 15-4-2024 for the March 2024 issue.

(ii) On 10-12-2023 goods worth ₹3,50,000 were sold on approval basis to Varun Ltd. The period of approval was 2 months after which goods were considered sold. Buyer sent approval for 60% of goods up to 30-1-2024 but no approval or disapproval received for remaining goods till 31-3-2024.

(iii) Sold goods ₹6,00,000 lakhs to R Ltd on 12-3-2024 but at the request of the buyer these were delivered on 20-04-2024.

(iv) On 5 November, 2023 goods worth ₹1,00,000 were sent on consignment basis of which 30% of goods remain unsold and lying with the consignee as on 31st March 2024.

In each of the above cases, you are required to advise, with valid reasons, the amount to be recognised as revenue under the provisions of AS-9 if the company is closing its accounts every year on 31st March. (8)

(b) M/s Ishan and Co. had a property plant and equipment having book value of ₹25,00,000 on 31st March 2024. The entity follows the practice of revaluating assets on yearly basis. The fair value was assessed on 31st March 2024. You are required to pass journal entries in the following cases :

(i) If fair value as a result of revaluation done 31st March 2024 was ₹29,00,000.

(ii) If in the previous year, the property was revalued downwards by ₹4,00,000 and a decrease of that asset was recognised in the profit and loss account and fair value was assessed at ₹29,00,000 on 31st March 2024.

(iii) If in the previous year, the property was revalued downwards by ₹3,00,000 and decrease of that asset was recognised in the profit and loss account and fair value was assessed at ₹29,00,000 on 31st March 2024. (6)

(c) A company acquired a patent at a cost of ₹20,00,000 for a period of five years and its product life cycle is also five years. The company capitalised the cost and started amortising the asset at ₹2,50,000 per annum. After two years it was found that the product life cycle may continue for another five years. The net cash flows from the product during these 5 years are expected to be ₹9,00,000, ₹11,50,000, ₹11,00,000, ₹10,00,000 and ₹8,50,000. Find out amortisation expense of the patent for each of these years assuming that the patent is renewed after every five years and company changed amortisation method from Straight Line Method to ratio of expected cash flows. (4)

3. The following is the Trial Balance of Mr. Amitesh as at 31.12.2022.

| Particular | Debit (₹) | Credit (₹) |
|---|---|---|
| Mr. Amitesh's Capital A/c | | 86,690 |
| Stock as on 01.01.2022 | 46,800 | |
| Sales | | 3,89,600 |
| Return inward | 8,600 | |
| Purchases | 3,21,700 | |
| Return outward | | 5,800 |
| Freight and carriage | 18,600 | |
| Rent and taxes | 5,700 | |
| Salaries and wages | 9,300 | |
| Sundry debtors | 24,000 | |
| Sundry creditors | | 14,800 |
| Bank loan at the rate 6% per annum | | 20,000 |
| Bank interest | 900 | |

P

| | | |
|---|---|---|
| Printing and advertising | 14,600 | |
| Miscellaneous income | | 250 |
| Cash at bank | 8,000 | |
| Discount earned | | 4,190 |
| Furniture and fitting | 5,000 | |
| Discount allowed | 1,800 | |
| General expenses | 11,450 | |
| Insurance | 1,300 | |
| Postage and telegram | 2,330 | |
| Cash in hand | 380 | |
| Travelling expenses | 870 | |
| Drawings | 40,000 | |
| Input CGST | 3,000 | |
| Input SGST | 3,000 | |
| Output CGST | | 2,000 |
| Output SGST | | 4,000 |
| | **5,27,330** | **5,27,330** |

The following adjustment should be made :

(a) Included amongst the debtors is Rs. 3,000 due from Barun and included among the creditors Rs. 1000 due to him.

(b) Provision for doubtful debts is to be created at 5% and discount on debtors at 2% on sundry debtors.

(c) Depreciation on Furniture & Fitting @ 10% shall be written off.

(d) Mr. Amitesh has withdrawn goods worth ₹600 during the year which were purchased with 5% SGST and 5% CGST.

(e) Interest on Bank Loan shall be provided for the whole year.

(f) A quarter of the amount of printing & advertising is to be carried forward to the next year.

(g) Credit purchase invoice amounting to Rs. 400 had been omitted from the books.

(h) Stock on 31.12.2022 was Rs. 78,600

Prepare Trading and P&L A/c for the year ended 31.12.2022 and Balance Sheet as on 31.12.2022. (18)

**OR**

(a) Titan club has following balances as on 1 January, 2023.

| | |
|---|---|
| Prize fund | ₹1,00,000 |
| 10% Sports fund investments (Face value 2,00,000 fully paid) | ₹1,00,000 |
| Transactions for the year | |
| Donation for prize fund received during the year | ₹18,000 |
| Prizes awarded during the year | ₹7,000 |
| Interest received on prize fund investments during the year | ₹12,000 |
| Expenses incurred on sports events during the year | ₹4,000 |
| Interest received on general fund investments during the year | ₹30,000 |

How will you deal with the above items while preparing the income and expenditure account for the year ended 31st December 2023 and Balance sheet as on that date. Show the extracts of final statements. (6)

P.T.

(b) The final accounts of a Nano club are prepared annually as at 31st March.
At 31st March, 2022 subscriptions in arrear amounted to ₹17,400 and
subscription received in advance for the year 2022-23 amounted to ₹14,200.
During 2022-23 ₹2,42,800 were received in respect of subscriptions including
₹15000 arrears for the year 2021-22 and ?21,600 in advance for the year
2023-24. At 31st March 2023 subscription in arrears amounted to ₹10,600.
Calculate the amount of subscriptions to be credited to income and
expenditure account by preparing subscription account for the year 2022-
23. (6)

(c) How will you deal with the following items while preparing the income and expenditure account for the year ended 31st December 2022 and balance sheet as on that date.

| Particulars | As at 31st December | |
|---|---|---|
| | 2022 (₹) | 2023 (₹) |
| Creditors for stationery | 30,000 | 50,000 |
| Stock of stationery | 90,000 | 70,000 |

During 2022 payments made to the creditors for stationery amounted ₹3,00,000 and cash purchases of stationary amounted to 20% of the total purchase. (6)

. A Ltd. Opened branch shops at Jaipur and Agra. Goods are invoiced to branches at a profit of 50% on cost. The following information relates to Jaipur branch for the year ending on 31st March, 2024.

| Balances as on April 1, 2023: | Amount ₹ |
|---|---|
| Stock (at cost to H.O.) | 60,000 |
| Debtors | 10,000 |
| Petty Cash | 1,000 |
| Furniture | 20,000 |
| Goods received by branch at selling price from H.O. | 1,95,000 |
| Credit Sales | 80,000 |
| Cash Sales | 1,10,000 |
| Transfer from Agra to Jaipur branch at selling price | 12,000 |
| Transfer from Jaipur to Agra branch at selling price | 24,000 |
| Goods returned by branch to H.O. at selling price | 6,000 |
| Cash received from debtors | 55,000 |
| Bad debts written off | 2,000 |
| Petty expenses paid by branch | 600 |
| Goods returned by debtors to the branch | 3,000 |
| Goods returned by debtors directly to H.O. | 9,000 |
| Goods purchased by branch from local suppliers costing ₹ 18,000; payment made by H.O. | |
| Cash sent to branch for expenses | 10,000 |
| Balances as on 31$^{st}$ March, 2024 | |
| Stock | ? |
| Debtors | ? |
| Petty cash | 400 |

Additional Information :

(a) Goods amounting to ₹15,000 at selling price were in transit from H.O. to Jaipur branch.

(b) Depreciation at 10% p.a. to be provided on furniture.

(c) Goods purchased from local suppliers were sold at a profit of 50% on cost. There was no stock left on March, 2024 out of these goods.

Prepare: Jaipur Branch account under debtor system of branch accounting. Also show various memorandum accounts like Branch stock account, Branch debtors account, Goods sent to branch and stock reserve account as a part of working notes. (18)

**OR**

Jai Prakash Ltd. Delhi invoiced goods to its Mumbai branch office at 20% less than the list price which is cost plus 50% with instructions that cash sales are to be made at invoice price and credit sales at list price. Mumbai Branch related information is given as follows :

| | |
|---|---|
| Opening stock at Mumbai at its cost | ₹1,80,000 |
| Goods sent to Mumbai (at cost to Delhi) | ₹ 2,20,000 |
| Cash sales 60 % of net credit sales | |
| Goods returned by credit customers to Mumbai | ₹ 75,000 |
| Goods returned by Mumbai to Delhi | ₹84,000 |
| Loss of goods at Mumbai through normal pilferage (at list price) | ₹ 6,000 |
| Loss of goods by fire (at invoice price); 80% of cost was recovered from the insurance company by Mumbai branch. | ₹ 6,000 |
| Opening balance of debtors | ₹ 20,000 |
| Closing balance of debtors | ₹ 45,000 |
| Discount allowed to Mumbai branch credit customers | ₹ 27,000 |
| Provision to be made for a discount on debtors | ₹ 6,075 |
| Goods received by Mumbai branch till the end of the year | ₹ 2,52,000 |
| Cash remitted by credit customers to Mumbai branch | ₹ 1,73,000 |
| Mumbai Branch expenses paid by Delhi H.O. (Including the insurance premium of 4,000 paid for the year ending 30th June 2022.) | ₹19,000 |
| Outstanding Mumbai branch expenses | ₹ 3,625 |
| Manager is entitled to a commission @ 5% of net profit after charging such commissions. Round off the commission to the nearest rupee. | |

Required : Mumbai Branch stock account, Mumbai Branch debtors account, Mumbai Branch adjustment account, Mumbai Branch expenses account and, Mumbai Branch profit and loss account and Goods sent to branch account under stock and debtor system of branch accounting for the year ended 31st March 2022.

(18)

5\. (a) Diamond Art Co. acquired machinery on lease from Tanya and Co. on April 1, 2018 on the following terms:

| | |
|---|---|
| Lease term: | 5 years |
| Fair Value of machinery: | ₹35,00,000 |
| Useful Life: | 15 years |

Annual Lease Rental payable at ₹3,00,000, ₹2,00,000, ₹1,00,000, ₹50,000 and ₹30,000. Implicit rate of return is 15%

Present Value factors are 0.8696, 0.7561, 0.6575, 0.5718 and 0.4972 for the first, second, third, fourth and fifth year respectively at 15% IRR.

Depreciation: 10% p.a. on straight line basis.

(i) Whether the lease is operating lease or finance lease giving reasons?

(ii) How would this lease be accounted for in the books of lessor and lessee? Pass Journal entries for this purpose for the first year in the books of both the lessor and lessee, assuming that the accounts are closed on 31st March every year. (10)

(b) Anjana Ltd. has two departments A and B. The latter department gets all requirements from the A Department at the cost price. On December 31st 2022, the following was the trial balance :

| Particulars | Debit (₹) | Credit (₹) |
|---|---|---|
| Share Capital | | 1,00,000 |
| Stock (A Department) | 40,000 | |
| Stock (B Department) | 2,500 | |
| Purchases- A | 5,50,000 | |
| Purchases- B | 5,000 | |
| Sales- A | | 6,25,000 |
| Sales- B | | 75,000 |
| Transfer of goods to B Department | 25,000 | 25,000 |
| Director's Fees and remuneration | 15,000 | |
| Wages and Salaries-A | 10,000 | |
| Wages and Salaries-B | 20,000 | |
| Rent and Rates (3/4 to A) | 4,000 | |
| Lighting (3/4 to B) | 1,000 | |
| Depreciation-B | 2,500 | |
| Depreciation -A | 500 | |
| Office Expenses | 1,500 | |
| Furniture and Fitting | 10,000 | |
| Office Salaries | 8,000 | |
| Equipment | 25,000 | |
| Carriage Inward(A) | 33,000 | |
| Investment | 50,000 | |
| Income from Investments | | 5,000 |
| Cash at Bank | 27,000 | |
| Total | 8,30,000 | 8,30,000 |

Closing Stock of A on hand was ₹48,000 and that in B amounted to ₹3,750. It is desired to prepare complete Departmental Accounts including General Profit and Loss Account and Balance Sheet. (8)

**Or**

(a) Arjun Ltd. has three departments A, B and C. The following information is supplied by these department for the year ending 31st March, 2022:

| | A | B | C |
|---|---|---|---|
| Purchases (Units) | 10,000 | 20,000 | 30,000 |
| Sales (Units) | 10,400 | 19,600 | 30,600 |
| Selling Price per unit (₹) | 21 | 22 | 24 |
| Stock at the end (Units) | 800 | 1200 | 1400 |

Total purchases during the year were ₹9,59,000.

Prepare Departmental Trading A/C of Arjun Ltd. Assuming that the percentage of Gross Profit on Turnover is the same in each case. (10)

(b) Smitha Ltd. Availed a lease from Narayana Ltd. The conditions of the lease terms are as under :

(i) Lease period is 3years, in the beginning of the year 2009, for equipment costing ₹10,00,000 and has an expected useful life of 5 years.

(ii) The fair market value is also ₹10,00,000.

(iii) The property reverts back to the lessor on the termination of the lease.

(iv) The unguaranteed residual value is estimated at ₹1,00,000 at the end of the year 2011.

(v) 3 equal annual payments are made at the end of each year.

Consider IRR = 10%

The present value of ₹1 due at the end of 3rd year at 10% rate of interest is ₹0.7513.

The present value of annuity of ?1 due at the end of 3rd year at 10% IRR is ₹2.4868.

(i) State whether the lease constitute finance lease and also calculate unearned finance income.

(ii) Differentiate between Operating and Financial lease. (4×2

1\. (क) आकस्मिक परिसंपत्ति का अर्थ बताइए। एएस 29 के अनुसार एक प्रावधान की मात्रा हेतु विचार किए जाने वाले सिद्धांतों के बारे में स्पष्ट कीजिए। (6)

(ख) निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :

(i) पूर्ण प्रकटीकरण सिद्धांत

(ii) लागत सिद्धांत

(6)

(ग) निम्नलिखित कथनों में सम्मिलित लेखांकन सिद्धांत का उल्लेख कीजिए :

(i) मालिक द्वारा अपने व्यक्तिगत खर्चों के लिए बैंक से आहरित नकदी के लिए आहरण खाता डेबिट किया जाता है।

(ii) जब तक इसके प्रतिकूल साक्ष्य नहीं हों, यह माना जाता है कि निकट भविष्य में व्यापार का परिसमापन नहीं किया जाएगा।

(iii) ग्राहक से प्राप्त अग्रिम को बिक्री के रूप में दर्ज नहीं किया जाता है।

(iv) एक व्यवसाय की अवधि कई भागों में विभक्त होती है जिसे लेखांकन वर्ष या वित्तीय वर्ष कहा जाता है।

(v) ₹50 में खरीदी गई कैंची की एक जोड़ी लाभ और हानि खाते में शामिल है।

(vi) मालिक द्वारा योगदान की गई ₹1 लाख की पूंजी के परिणामस्वरूप नकदी में ₹1 लाख की वृद्धि होती है। (6)

**अथवा**

(क) अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग मानकों (IFRS) का क्या अर्थ है। IFRS के अभिसरण की आवश्यकता क्यों है? (8)

(ख) AS-5 के अनुसार लेखांकन नीतियां क्या हैं? लेखांकन नीतियों के चयन में प्रतिफलों को स्पष्ट कीजिए। किन परिस्थितियों में लेखांकन नीति में परिवर्तन किया जाना चाहिए? (6)

(ग) लेखांकन के व्यापारिक आधार पर एक टिप्पणी लिखिए। (4)

2. (क) शोभा ट्रेडर्स ने घटते बकाया शेष विधि के अनुसार अपनी मशीनरी को 10% प्रति वर्ष पर मूल्यह्रास किया और अप्रैल 1, 2022 को इसके मशीनरी खाता में ₹4,86,000 बकाया शेष था। 31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष के दौरान ₹60,000 में खरीदी गई मशीनरी को 1 अक्टूबर 2022 को ₹40,000 में बेचा गया था और ₹70,000 की लागत वाली एक नई मशीनरी उसी तिथि को खरीदी और स्थापित की गई थी, जिसमें ₹5,000 का स्थापना शुल्क लगा था।

कंपनी ने 1-4-2022 को अपनी मूल्यह्रास की विधि को घटते बकाया शेष से सरल रेखा विधि में बदल दिया, मूल्यह्रास की दर 8% प्रति वर्ष है।

31 मार्च 2023 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए मशीनरी खाता दर्शाइए। (8)

(ख) ऑयल इंडिया पेट्रोल का एक प्रमुख वितरक है। प्रत्येक महीने के अंत में लेखा-बही बंदी के समय उपलब्ध पेट्रोल की एक विस्तृत इन्वेंटरी ली जाती है। महीने के अंत में, निम्न जानकारी उपलब्ध है :

| | |
|---|---|
| बिक्री | ₹9,45,000 |
| सामान्य ओवरहेड लागत | ₹ 25,000 |
| प्रारंभिक इन्वेंटरी | ₹3 प्रति लीटर की दर से 1,00,000 लीटर |
| खरीद | |
| 1 जून | ₹2.85 प्रति लीटर की दर से 2,00,000 लीटर |
| 30 जून | ₹3.03 प्रति लीटर की दर से 1,00,000 लीटर |
| अंतिम इन्वेंटरी | 1,30,000 लीटर |

आवधिक प्रणाली का उपयोग करते हुए, FIFO द्वारा AS-2 के अनुसार निम्नलिखित की गणना कीजिए :

(i) 30 जून को इन्वेंटरी का मूल्य

(ii) जून में बेचे गए माल का लागत मूल्य

(iii) जून महीने के लिए लाभ/हानि (6)

(ग) किन्हीं चार राजस्व स्रोतों को लिखिए जहां AS – 9 लागू नहीं होता है। (4)

अथवा

(क) निम्नलिखित जानकारी तुषार लिमिटेड से संबंधित है :

(i) राधिका प्रकाशन हर महीने की 15 तारीख को एक मासिक पत्रिका प्रकाशित करता है। यह पत्रिका में विज्ञापन स्थान बेचता है। मार्च 2024 अंक के लिए स्थान की बिक्री फरवरी 2024 में की गई थी। पत्रिका का प्रकाशन उसकी निर्धारित तिथि पर किया गया। इसे मार्च 2024 अंक के लिए 5 – 3 – 2024 को ₹1,50,000 और 15 – 4 – 2024 को ₹50,000 प्राप्त हुए हैं।

(ii) 10 – 12 – 2023 को वरुण लिमिटेड को अनुमोदन के आधार पर ₹3,50,000 मूल्य का सामान बेचा गया। अनुमोदन की अवधि 2 महीने थी जिसके बाद माल बेचा गया माना जाना था। खरीदार ने 30 – 1 – 2024 तक 60% माल के लिए अनुमोदन भेजा लेकिन शेष माल के लिए 31 – 3 – 2024 तक कोई अनुमोदन या अस्वीकृति प्राप्त नहीं हुई।

(iii) 12 – 3 – 2024 को त स्जक. को ₹6,00,000 लाख का माल बेचा गया लेकिन खरीदार के अनुरोध पर इन्हें 20 – 04 – 2024 को डिलीवर किया गया।

(iv) 5 नवंबर, 2023 को ₹1,00,000 मूल्य का सामान खेप के आधार पर भेजा गया था, जिसमें से 30% माल 31 मार्च 2024 तक बिना बिके और परेषिती के पास पड़ा हुआ है।

यदि कंपनी प्रत्येक वर्ष 31 मार्च को अपनी लेखा–बंदी करती है, तो उपरोक्त प्रत्येक मामले के लिए, आपको वैध कारणों सहित AS – 9 के प्रावधानों के तहत राजस्व के रूप में चिह्नित की जाने वाली धनराशि के संबंध में परामर्श प्रदान करना है। (8)

(ख) मैसर्स ईशान एंड कंपनी के पास 31 मार्च 2024 को ₹25,00,000 के बही मूल्य वाली संपत्ति के रूप में संयंत्र और उपकरण थे। यह कंपनी वार्षिक आधार पर परिसंपत्तियों के पुनर्मूल्यांकन की विधि का अनुसरण करती है। उचित मूल्य का मूल्यांकन 31 मार्च 2024 को किया गया था। आपको निम्न मामलों में जर्नल प्रविष्टियों को पारित करना है :

(i) यदि 31 मार्च 2024 को किए गए पुनर्मूल्यांकन के परिणामस्वरूप उचित मूल्य ₹29,00,000 था।

(ii) यदि पिछले वर्ष में, संपत्ति का पुनर्मूल्यांकन कम करके ₹4,00,000 कर दिया गया था और उस संपत्ति की कमी को लाभ और हानि खाते में दर्शाया गया था और 31 मार्च 2024 को उचित मूल्य ₹29,00,000 आंका गया था।

(iii) यदि पिछले वर्ष में, संपत्ति का पुनर्मूल्यांकन कम करके ₹3,00,000 कर दिया गया था और उस संपत्ति की कमी को लाभ और हानि खाते में दर्शाया गया था तथा 31 मार्च 2024 को उचित मूल्य का मूल्यांकन ₹29,00,000 किया गया था। (6)

(ग) एक कंपनी ने पांच वर्ष की अवधि के लिए ₹20,00,000 की लागत से पेटेंट प्राप्त किया और इसकी उत्पाद उपयोगिता अवधि भी पाँच वर्ष है। कंपनी ने लागत को पूंजीकृत किया और परिसंपत्ति को ₹2,50,000 प्रति वर्ष पर परिशोधन करना शुरू कर दिया। दो वर्षों के बाद यह पाया गया कि उत्पाद उपयोगिता अवधि अगले पांच वर्षों तक जारी रह सकती है। इन 5 वर्षों के दौरान उत्पाद से शुद्ध नकदी प्रवाह ₹9,00,000, ₹11,50,000, ₹11,00,000, ₹10,00,000 और ₹8,50,000 होने की उम्मीद है। इन वर्षों में से प्रत्येक वर्ष के लिए पेटेंट के परिशोधन व्यय को ज्ञात कीजिए, यह मानते हुए कि पेटेंट प्रत्येक पाँच वर्ष के बाद नवीनीकृत किया जाता है और कंपनी ने परिशोधन विधि को सीधी रेखा विधि से अपेक्षित नकदी प्रवाह के अनुपात में बदल दिया। (4)

3. श्री अमितेश का तल-पट 31.12.2022 को निम्नलिखित है :

| विवरण | डेबिट (₹) | क्रेडिट (₹) |
|---|---|---|
| श्री अमितेश पूँजी खाता | | 86,690 |
| 01.01.2022 को स्टॉक | 46,800 | |
| बिक्री | | 3,89,600 |
| आवक वापसी | 8,600 | |
| खरीद | 3,21,700 | |
| जावक वापसी | | 5,800 |
| माल ढुलाई भाड़ा | 18,600 | |
| किराया और कर | 5,700 | |
| वेतन और मजदूरी | 9,300 | |
| विविध देनदार | 24,000 | |
| विविध लेनदार | | 14,800 |
| 6% प्रतिवर्ष की दर पर बैंक ऋण | | 20,000 |
| बैंक ब्याज | 900 | |
| मुद्रण और विज्ञापन | 14,600 | |
| विविध आय | | 250 |
| बैंक में नकदी | 8,000 | |
| अर्जित बट्टा | | 4,190 |
| फर्नीचर और फीटिंग | 5,000 | |
| अनुमेय बट्टा | 1,800 | |
| सामान्य व्यय | 11,450 | |
| बीमा | 1,300 | |
| डाक और तार | 2,330 | |
| हाथ में नकदी | 380 | |
| यात्रा व्यय | 870 | |
| आहरण | 40,000 | |
| इनपुट सीजीएसटी | 3,000 | |
| इनपुट एसजीएसटी | 3,000 | |
| आउटपुट सीजीएसटी | | 2,000 |
| आउटपुट एसजीएसटी | | 4,000 |
| | **5,27,330** | **5,27,330** |

निम्नलिखित समायोजन करने हैं :

(क) देनदारों में बकाया से 3,000 रुपये प्राप्त करना बकाया है और लेनदारों में बकाया से 1000 रुपये दिया जाना बकाया शामिल है।

(ख) संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान 5% पर किया जाना है और विविध देनदारों के लिए देनदारों को 2% पर छूट दी जानी है।

(ग) फर्नीचर और फिटिंग पर मूल्यह्रास 10% की दर से बट्टे खाते में डाला जाएगा।

(घ) श्री अमितेश ने वर्ष के दौरान ₹600 मूल्य के सामान को वापस ले लिया है जो 5% एसजीएसटी और 5% सीजीएसटी के साथ खरीदे गए थे।

(ङ) बैंक ऋण पर ब्याज पूरे वर्ष के लिए प्रदान किया जाएगा।

(च) मुद्रण और विज्ञापन की राशि का एक चौथाई अगले वर्ष के लिए आगे बढ़ाया जाना है।

(छ) 400 रुपये की राशि वाली इनवॉइस की क्रेडिट आधार पर खरीद लेखा-बही से हटा दी गई थी।

(ज) 31.12.2022 को स्टॉक 78,600 रुपये था।

31.12.2022 को समाप्त वर्ष के लिए व्यापार और लाभ तथा हानि खाता और 31.12.2022 की स्थिति के अनुसार बैलेंस शीट तैयार कीजिए। (18)

अथवा

(क) टाइटन क्लब के पास 1 जनवरी, 2023 को निम्नलिखित बकाया शेष हैं।

| | |
|---|---|
| पुरस्कार निधि | ₹1,00,000 |
| 10% खेलकूद निधि निवेश (अंकित मूल्य 2,00,000 पूर्णतः प्रदत्त) | ₹1,00,000 |
| वर्ष के लिए लेनदेन | |
| वर्ष के दौरान पुरस्कार निधि के लिए प्राप्त दान | ₹18,000 |
| वर्ष के दौरान दिन गए पुरस्कार | ₹7,000 |
| वर्ष के दौरान खेलकूद निधि निवेश पर प्राप्त ब्याज | ₹12,000 |
| वर्ष के दौरान खेलकूद प्रतियोगिताओं पर हुआ व्यय | ₹4,000 |
| वर्ष के दौरान सामान्य निधि निवेश पर प्राप्त ब्याज | ₹30,000 |

31 दिसंबर 2023 को समाप्त वर्ष के लिए आय और व्यय खाता और उस तिथि को बैलेंस शीट तैयार करते समय आप उपरोक्त मदों से किस प्रकार निपटेंगे। अंतिम विवरण का सार दर्शाइए। (6)

(ख) मैनो क्लब के अंतिम खाते 31 मार्च को वार्षिक आधार पर तैयार किए जाते हैं। 31 मार्च, 2022 को बकाया राशि में अभिदान ₹17,400 का था और वर्ष 2022-23 के लिए अग्रिम रूप में प्राप्त अभिदान ₹14,200 था। 2022-23 के दौरान, वर्ष 2021-22 के लिए ₹15000 बकाया और वर्ष 2023-24 के लिए ₹21,600 अग्रिम सहित अभिदान के संबंध में ₹2,42,800 प्राप्त हुए। 31 मार्च 2023 को बकाया राशि का अभिदान ₹10,600 था। वर्ष 2022-23 के लिए अभिदान खाता तैयार करके आय और व्यय खाते में जमा किए जाने वाले अंशदान की राशि की गणना कीजिए। (6)

(ग) 31 दिसंबर 2022 को समाप्त वर्ष के लिए आय और व्यय खाता और उस तिथि के अनुसार बैलेंस शीट तैयार करते समय आप निम्नलिखित मदों से किस प्रकार निपटेंगे।

| विवरण | 31 दिसम्बर को | |
|---|---|---|
| | 2022 (₹) | 2023 (₹) |
| स्टेशनरी के लिए लेनदार | 30,000 | 50,000 |
| स्टेशनरी का स्टॉक | 90,000 | 70,000 |

वर्ष 2022 के दौरान स्टेशनरी के लिए लेनदारों को किए गए भुगतान की राशि ₹3,00,000 थी और स्टेशनरी की नकद खरीद कुल खरीद का 20% थी। (6)

4. A Ltd.. ने जयपुर और आगरा में अपनी दुकान की शाखा खोली। सामान की इनवॉइस शाखाओं पर लागत पर 50% के लाभ के साथ जारी की जाती हैं। निम्नलिखित जानकारी 31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वर्ष के लिए जयपुर शाखा से संबंधित है।

| 1 अप्रैल, 2023 को बकाया शेष | Amount ₹ |
|---|---|
| स्टॉक (प्रधान कार्यालय की लागत पर) | 60,000 |
| देनदार | 10,000 |
| फुटकर नकदी | 1,000 |
| फर्नीचर | 20,000 |
| शाखा द्वारा प्रधान कार्यालय से विक्रय मूल्य पर प्राप्त माल। | 1,95,000 |
| क्रेडिट बिक्री | 80,000 |
| नकद बिक्री | 1,10,000 |
| बिक्री मूल्य पर आगरा शाखा से जयपुर शाखा को अंतरित | 12,000 |
| बिक्री मूल्य पर जयपुर शाखा से आगरा शाखा को अंतरित | 24,000 |
| शाखा द्वारा बिक्री मूल्य पर प्रधान कार्यालय को वापस किया गया माल | 6,000 |
| देनदारों से प्राप्त नकदी | 55,000 |
| बट्टे खाते में डाले एक अशोध्य ऋण | 2,000 |
| शाखा द्वारा प्रदत्त फुटकर व्यय | 600 |
| देनदारों द्वारा शाखा को वापस किया गया माल | 3,000 |
| देनदारों द्वारा सीधे प्रधान कार्यालय को वापस किया गया माल | 9,000 |
| शाखा द्वारा ₹18,000 की लागत का माल स्थानीय आपूर्तिकर्ता से खरीदा गया; भुगतान प्रधान कार्यलाय द्वारा किय गया | |
| शाखा को व्यय के लिए प्रेषित नकदी | 10,000 |
| 31 मार्च, 2024 को बकाया शेष | |
| स्टॉक | ? |
| देनदार | ? |
| फुटकर नकदी | 400 |

अतिरिक्त जानकारी :

(क) विक्रय मूल्य पर ₹15,000 का माल प्रधान कार्यालय से जयपुर शाखा के लिए पारगमन में था।

(ख) फर्नीचर पर 10% प्रति वर्ष की दर से मूल्यहास प्रदान किया जाएगा।

(ग) स्थानीय आपूर्तिकर्ताओं से खरीदे गए सामान को लागत पर 50% के लाभ पर बेचा जाता है। 31 मार्च, 2024 को इन सामानों में से कोई स्टॉक नहीं बचा था।

निम्नलिखित तैयार कीजिए : शाखा लेखांकन की देनदार प्रणाली के तहत जयपुर शाखा खाता। इसके अलावा विभिन्न ज्ञापन खातों जैसे शाखा स्टॉक खाता, शाखा देनदार खाता, शाखा को भेजे गए माल और स्टॉक रिजर्व खाते को वर्किंग नोट्स के एक भाग के रूप में दर्शाइए। (18)

अथवा

851

जय प्रकाश लिमिटेड दिल्ली ने अपने मुंबई शाखा कार्यालय को सूची मूल्य से 20% कम पर माल की इनवॉइस बनाई, जो लागत से 50% अधिक है, इस निर्देश के साथ कि नकद बिक्री इनवॉइस मूल्य पर की जानी है और क्रेडिट बिक्री सूची मूल्य पर की जानी है। मुंबई शाखा से संबंधित जानकारी इस प्रकार है

| | |
|---|---|
| मुंबई में इसकी लागत पर प्रारंभिक स्टॉक | ₹1,80,000 |
| मुंबई को भेजा गया माल (दिल्ली की लागत पर) | ₹ 2,20,000 |
| नकदी बिक्री कुल क्रेडिट बिक्री की 60% | |
| क्रेडिट ग्राहकों द्वारा मुंबई को वापस किया गया माल | ₹ 75,000 |
| मुंबई द्वारा दिल्ली को वापस किया गया माल | ₹84,000 |
| सामान्य चोरी की घटना के कारण मुंबई में माल को हुई क्षति (सूची मूल्य पर) | ₹ 6,000 |
| आग के कारण माल की क्षति (इनवॉइस मूल्य पर). मुंबई शाखा द्वारा 80% लागत बीमा कंपनी से वसूली गई। | ₹ 6,000 |
| देनदारों का प्रारंभिक बकाया शेष | ₹ 20,000 |
| देनदारों का अंतिम बकाया शेष | ₹ 45,000 |
| मुंबई शाखा को क्रेडिट ग्राहकों के लिए अनुमेय बट्टा | ₹ 27,000 |
| देनदारों को बट्टा के लिए प्रावधान किया जाना है | ₹ 6,075 |
| वर्ष के अंत तक मुंबई शाखा को प्राप्त माल | ₹ 2,52,000 |
| क्रेडिट ग्राहकों द्वारा मुंबई शाखा को प्रेषित नकदी | ₹ 1,73,000 |
| प्रधान कार्यालय दिल्ली द्वारा प्रदत्त मुंबई शाखा का व्यय (30 जून, 2022 को समाप्त हुए वर्ष के लिए प्रदत्त 4000 रुपये के बीमा प्रीमियम सहित) | ₹19,000 |
| मुंबई शाखा का बकाया व्यय | ₹ 3,625 |
| प्रबंधक इस प्रकार के कमीशन को प्रभारित करने के बाद शुद्ध लाभ का @ 5% कमीशन का हकदार है। कमीशन को निकटतम रूपया पर पूर्णांक (राउंड ऑफ) कीजिए। | |

तैयार कीजिए: मुंबई शाखा स्टॉक खाता, मुंबई शाखा देनदार खाता, मुंबई शाखा समायोजन खाता, मुंबई शाखा व्यय खाता और मुंबई शाखा लाभ और हानि खाता और 31 मार्च, 2022 को समाप्त हुए वर्ष के लिए शाखा लेखांकन की स्टॉक और देनदार प्रणाली के अंतर्गत शाखा को प्रेषित माल संबंधी खाता। (18)

5. (क) डायमंड आर्ट कंपनी ने 1 अप्रैल, 2018 को तान्या एंड कंपनी से निम्नलिखित शर्तों पर पट्टे पर मशीनरी का अधिग्रहण किया:

पट्टे की अवधि: 5 वर्ष

मशीनरी का उचित मूल्य: ₹35,00,000

समायोजित अवधि: 15 वर्ष

वार्षिक पट्टा किराया देय ₹3,00,000, ₹2,00,000, ₹1,00,000, ₹50,000 और ₹30,000. प्रतिफल की अव्यक्त दर 15% है
वर्तमान मूल्य कारक 15% IRR पर पहले, दूसरे, तीसरे, चौथे और पाँचवें वर्ष के लिए क्रमशः 0.8696, 0.7561, 0.6575, 0.5718 और 0.4972 हैं।
मूल्यह्रास : सीधी रेखा आधार पर 10% वार्षिक।

(i) क्या पट्टा परिचालन पट्टा है या वित्त पट्टा कारण सहित स्पष्ट कीजिए?

(ii) पट्टाकर्ता और पट्टेदार की बहियों में इस पट्टे का लेखा-जोखा कैसे रखा जाएगा? इस प्रयोजन के लिए पट्टाकर्ता और पट्टेदार दोनों की लेखा बहियों में प्रथम वर्ष के लिए जर्नल प्रविष्टियां इस प्रकार कीजिए कि लेखा-बंदी प्रत्येक वर्ष 31 मार्च को की जाती है।

(10)

(ख) अंजना लिमिटेड के दो विभाग A और B हैं। विभाग B को लागत मूल्य पर विभाग A से सभी आवश्यकताएं पूरी होती हैं। 31 दिसंबर 2022 को, निम्नलिखित तल-पट था :

| विवरण | डेबिट (₹) | क्रेडिट (₹) |
|---|---|---|
| शेयर पूँजी | | 1,00,000 |
| स्टॉक (विभाग A) | 40,000 | |
| स्टॉक (विभाग B) | 2,500 | |
| खरीद - A | 5,50,000 | |
| खरीद - B | 5,000 | |
| बिक्री - A | | 6,25,000 |
| बिक्री - B | | 75,000 |
| विभाग B को अंतरित किया गया माल | 25,000 | 25,000 |
| निदेशकों की फीस और पारिश्रमिक | 15,000 | |
| मजदूरी और वेतन -A | 10,000 | |
| मजदूरी और वेतन -B | 20,000 | |
| किराया और दरें (A को 3/4) | 4,000 | |
| लाइटिंग (B को 3/4) | 1,000 | |
| मूल्यह्रास -B | 2,500 | |
| मूल्यह्रास -A | 500 | |
| कार्यालय व्यय | 1,500 | |
| फर्नीचर और फीटिंग | 10,000 | |
| कार्यालय वेतन | 8,000 | |
| उपकरण | 25,000 | |
| आवक ढुलाई (A) | 33,000 | |
| निवेश | 50,000 | |
| निवेश से प्राप्त आय | | 5,000 |
| बैंक में नकदी | 27,000 | |
| कुल | 8,30,000 | 8,30,000 |

A का अंतिम स्टॉक ₹48,000 का था और B के पास ₹3,750 का था। यह सामान्य लाभ और हानि खाता और तुलन पत्र सहित पूर्ण विभागीय लेखा तैयार कीजिए। (8)

अथवा

(क) अर्जुन लिमिटेड में तीन विभाग A, B और C हैं। इन विभागों द्वारा 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के लिए निम्नलिखित जानकारी प्रदान की गई है :

| | A | B | C |
|---|---|---|---|
| खरीद (यूनिट) | 10,000 | 20,000 | 30,000 |
| बिक्री (यूनिट) | 10,400 | 19,600 | 30,600 |
| प्रति यूनिट बिक्री मूल्य (₹) | 21 | 22 | 24 |
| अंत में स्टॉक (यूनिट) | 800 | 1200 | 1400 |

वर्ष के दौरान कुल ₹9,59,000 की खरीद की गई।

यह मानते हुए कि कुल कारोबार पर सकल लाभ का प्रतिशत प्रत्येक मामले में समान है, अर्जुन लिमिटेड का विभागीय व्यापार खाता तैयार कीजिए। (10)

(ख) स्मिता लिमिटेड ने नारायण लिमिटेड से पट्टा प्राप्त किया। पट्टे की शर्तें निम्नानुसार हैं :

(i) वर्ष 2009 के आरंभ में ₹10,00,000 की लागत वाले उपकरणों के लिए पट्टा अवधि 3 वर्ष की है और इसकी अपेक्षित उपयोगिता अवधि 5 वर्ष है।

(ii) उचित बाजार मूल्य भी ₹10,00,000 का है।

(iii) पट्टे की समाप्ति पर संपत्ति पट्टेदार को वापस कर दी जाती है।

(iv) वर्ष 2011 के अंत में गैर-गारंटीकृत अवशिष्ट मूल्य ₹1,00,000 होने का अनुमान है।

(v) प्रत्येक वर्ष के अंत में 3 समान वार्षिक भुगतान किए जाते हैं। IRR = 10% मान लीजिए।

10% ब्याज दर के आधार पर तीसरे वर्ष के अंत में देय ₹1 का वर्तमान मूल्य ₹0.7513 है।

10% IRR पर तीसरे वर्ष के अंत में ₹1 देय वार्षिकी का वर्तमान मूल्य ₹2.4868 है।

(i) वित्त पट्टा तैयार कीजिए और अनर्जित वित्तीय आय की गणना भी कीजिए।

(ii) परिचालन एवं वित्तीय पट्टे में अन्तर स्पष्ट कीजिए। (4×2)